
खबरों में रहे स्टॉक


केईसी इंटरनैशनल



विभिन्न कारोबारों के लिए 1,509 करोड़ रुपये के नए ऑर्डर मिले

₹ **860.5** पिछला बंद भाव
₹ **873.1** आज का बंद भाव
1.5 % ▲


फर्स्टसोर्स सॉल्यूशंस



वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 25

₹ **330.8** पिछला बंद भाव
₹ **334.1** आज का बंद भाव
1.0 % ▲


मायल



पहली तिमाही के दौरान शुद्ध लाभ पिछले साल के मुकाबले 66 प्रतिशत

₹ **369.3** पिछला बंद भाव
₹ **347.4** आज का बंद भाव
-5.9 % ▼


जेके सीमेंट



राजस्थान की मंगरोल इकाई में एलसी-3 सीमेंट का व्यावसायिक उत्पादन शुरू

₹ **6,506.6** पिछला बंद भाव
₹ **6,632.9** आज का बंद भाव
1.9 % ▲

वेलस्पन लिविंग



वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 53 प्रतिशत घटा

₹ **136.1** पिछला बंद भाव
₹ **132.8** आज का बंद भाव
-2.4 % ▼

संक्षेप में

स्विगी : मातृत्व अवकाश के बाद 1 साल घर से काम

स्विगी ने अपनी महिला कर्मचारियों को मां बनने पर 26 सप्ताह के मातृत्व अवकाश के बाद एक साल तक घर से काम करने की सुविधा देने की भी बुधवार को घोषणा की। इस योजना 'मॉमेंटम 2.0' में माताओं के लिए अंशकालिक रूप से काम करने का विकल्प भी शामिल है, ताकि वे अपने समय के हिसाब से काम चुन सकें। *भाषा*

अवाडा बिहार में लगाएगा 5,000 करोड़ रुपये

अवाडा समूह ने बुधवार को कहा कि उसने बिहार सरकार के साथ 5,000 करोड़ रुपये के निवेश से राज्य में 1 गीगावॉट अक्षय ऊर्जा क्षमता विकसित करने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इससे 500 प्रत्यक्ष रोज़गार सृजित होने की उम्मीद है। *भाषा*

इंडिगो का मुनाफा जून तिमाही में 20% घटा

बीएस संवाददाता और भाषा
नई दिल्ली/मुंबई, 30 जुलाई

इंडिगो ने बुधवार को घोषणा की कि वित्त वर्ष 2026 की जून तिमाही में उसका समेकित शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 20.5 फीसदी घटकर 2,174.9 करोड़ रुपये रह गया। हवाई क्षेत्र प्रतिबंधों, भू-राजनीतिक व्यवधानों और एआई171 दुर्घटना के असर की वजह से पहली तिमाही में कंपनी के समेकित शुद्ध लाभ पर दबाव पड़ा है। इस दुर्घटना के कारण बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द हुईं और टिकटों की बिक्री कम हुई।

इंडिगो के मुख्य वित्तीय अधिकारी गौरव नेगी ने कहा, 'जून तिमाही में कई बाहरी बड़ी घटनाओं का प्रभाव देखा गया। भू-राजनीतिक घटनाएं, हवाई क्षेत्र प्रतिबंध और भारतीय विमानन क्षेत्र में दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना के कारण उड़ानें और यात्राएं रद्द करने की रफ्तार बढ़ गई और टिकट से कमाई में कमी आई।' उन्होंने कहा कि व्यापक भू-राजनीतिक हालात प्रतिकूल होने से मुनाफे पर असर पड़ा। लेकिन ईंधन की कीमतों में कमी से कुछ राहत मिली।

एयरलाइन ने तिमाही की अच्छी शुरुआत की थी। लेकिन मई और जून तक हालात बिगड़ गए। नेगी ने कहा, 'हालांकि अप्रैल के अधिकांश समय में कंपनी का प्रदर्शन अच्छा रहा। लेकिन मई और जून में भू-राजनीतिक चुनौतियां सामने आईं जिससे बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द हुईं और लाभ सामान्य नहीं हो पाया।' तिमाही के लिए कुल आय सालाना आधार पर छह प्रतिशत बढ़कर 21,542.6 करोड़ रुपये हो गई।

ह्युंडै मोटर इंडिया का मुनाफा 8 फीसदी घटा

ह्युंडै मोटर इंडिया लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में सालाना आधार पर 8.1 फीसदी की गिरावट के साथ 1,362.3 करोड़ रुपये रह गया। इस पर सुस्त घरेलू मांग, हैचबैक की कमजोर बिक्री, तनावपूर्ण भूराजनीतिक हालात और आर्थिक अनिश्चितताओं का असर पड़ा।

ह्युंडै ने यह भी पाया कि उपभोक्ताओं का रुझान एंट्री-लेवल हैचबैक की बजाय कॉम्पैक्ट एसयूवी की ओर हो रहा है जिससे इस सेगमेंट की बिक्री पर असर पड़ा है। लागत के दबाव के बावजूद एचएमआईएल निर्यात वृद्धि, सीएनजी की ज्यादा पहुंच और अनुशासित मूल्य निर्धारण के दम पर 13.3 फीसदी का एबिटा मार्जिन बरकरार रखने में कामयाब रही।

एचएमआईएल के प्रबंध निदेशक उनसू किम ने कहा, आर्थिक चुनौतियों और वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण मांग में लंबे समय से जारी नरमी ने बाजार की धारणा पर दबाव बनाए रखा। उन्होंने कहा, हालांकि हमने अपनी ग्रामीण मौजूदगी बढ़ाने, अपने वाहनों के लाइनअप को अपडेट करने और ब्रांड की प्रतिस्पर्धा बढ़ाने पर ध्यान दिया। तिमाही के दौरान ह्युंडै की घरेलू बिक्री में ग्रामीण बाजारों का योगदान 23 फीसदी रहा, जो कंपनी की अब तक की सबसे अधिक ग्रामीण पहुंच है। एचएमआईएल के मुख्य परिचालन अधिकारी तरुण गर्ग ने कहा, हैचबैक सेगमेंट सिकुड़ रहा है। वित्त वर्ष 2021 में यात्री वाहन बाजार में इसकी हिस्सेदारी 46 फीसदी थी जो पहली तिमाही में गिरकर सिर्फ 21 फीसदी रह गई। उन्होंने कहा, हम स्पष्ट बदलाव देख रहे हैं। छोटी कारों के बजाय खरीदार एक्सटर जैसी एंट्री-लेवल एसयूवी को पसंद कर रहे हैं।

महिंद्रा ऐंड महिंद्रा का शुद्ध लाभ 24 प्रतिशत उछला

महिंद्रा ऐंड महिंद्रा का चालू वित्त वर्ष (2025-26) की अप्रैल-जून तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 24 प्रतिशत बढ़कर 4,083 करोड़ रुपये हो गया है। पिछले वित्त वर्ष (2024-25) की पहली तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 3,283 करोड़ रुपये रहा था। मुंबई की कंपनी ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि अप्रैल-जून तिमाही में उसकी परिचालन आय बढ़कर 45,529 करोड़ रुपये हो गई।

टाटा स्टील के शुद्ध लाभ में आई 116.5 प्रतिशत की उछाल

टाटा स्टील ने जून तिमाही (वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही) के दौरान समेकित शुद्ध लाभ में पिछले साल की तुलना में 116.51 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की और यह बढ़कर 2,077.68 करोड़ रुपये हो गया। इस्पात की शुद्ध प्राप्तियों और नियोजित लागत कटौती की वजह से यह वृद्धि हुई। एक साल पहले इसी अवधि में इस प्रमुख इस्पात कंपनी का शुद्ध लाभ 959.61 करोड़ रुपये रहा था। वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में समेकित आधार पर कुल राजस्व 53,178.12 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल के मुकाबले 2.91 प्रतिशत कम है। तिमाही आधार पर राजस्व में 5.41 प्रतिशत की गिरावट आई और शुद्ध लाभ में 59.72 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

टाटा स्टील इंडिया ने वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में 31,137 करोड़ रुपये का कारोबार दर्ज किया, जबकि वित्त वर्ष 25 की पहली तिमाही में यह 33,195 करोड़ रुपये था। करोपरांत लाभ (पीएटी) 3,454 करोड़ रुपये रहा, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 3,337 करोड़ रुपये था। जमशेदपुर और नीलाचल इस्पात निगम लिमिटेड में रखरखाव की वजह से काम बंद होने से भारत में तिमाही उत्पादन और वितरण पर असर पड़ा। कंपनी को उम्मीद है कि आने वाली तिमाहियों में यह सामान्य हो जाएगा। ब्रिटने में इस तिमाही के दौरान राजस्व 53.6 करोड़ पाउंड रहा। एबिटा घाटा वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही के 8 करोड़ पाउंड के नुकसान के मुकाबले घटकर 4.1 करोड़ पाउंड रह गया।

टाटा संस के निदेशक मंडल ने इटली की कंपनी के अधिग्रहण पर की चर्चा

टाटा समूह की होल्डिंग कंपनी टाटा संस के बोर्ड ने मंगलवार को इटली स्थित इवेको समूह के वाणिज्यिक ट्रक कारोबार का टाटा मोटर्स द्वारा संभावित अधिग्रहण पर चर्चा की। यह अधिग्रहण 2008 में फोर्ड मोटर्स से जगुआर लैंड रोवर की ऐतिहासिक खरीद के बाद टाटा मोटर्स का दूसरा बड़ा वैश्विक अधिग्रहण होगा। प्रस्तावित सौदे से यूरोप में टाटा मोटर्स की मौजूदगी का उल्लेखनीय विस्तार होने और पश्चिमी बाजारों के अनुरूप वाणिज्यिक वाहन डिजायन और तकनीक में इसकी क्षमताओं में वृद्धि होने की उम्मीद है। टाटा मोटर्स में टाटा संस की 42.5 फीसदी हिस्सेदारी है। टाटा मोटर्स के शेयरों में 3.5 फीसदी की गिरावट आई, क्योंकि मीडिया में अटकलें लगाई जा रही थीं कि औपचारिक घोषणा शीघ्र ही होने वाली है और इससे टाटा मोटर्स को 4.5 अरब डॉलर की लागत उठानी पड़ेगी।

3 साल में आ जाएंगे वाहनों के स्मार्ट ग्लास

दीपक पटेल
नई दिल्ली, 30 जुलाई

अमेरिका की फैबलेस सेमीकंडक्टर कंपनी क्वालकॉम इस समय भारत के दोपहिया और चार पहिया वाहन निर्माताओं के साथ एआई-संचालित स्मार्ट ग्लास (चश्मे) विकसित करने के लिए बातचीत कर रही है। ये ग्लास वाहनों से जुड़े रहते हैं और वाहन सवारों की सहायता कर सकते हैं। उम्मीद है कि ये उत्पाद तीन साल के भीतर बाजार में आ जाएंगे। क्वालकॉम इंडिया के अध्यक्ष सावी सोइन ने बुधवार को बिजनेस स्टैंडर्ड के साथ बातचीत में यह जानकारी दी।

सोइन ने कहा, 'चार पहिया और दो पहिया वाहनों से जुड़े इन स्मार्ट ग्लास को हम तीन साल से भी कम समय में बाजार में देख सकते हैं।'

उनके अनुसार भारतीय वाहन कंपनियों ने चालकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए ऐसे चश्मों के उपयोग में बढ़ती दिलचस्पी दिखाई है। वाहन कंपनियों के सीटीओ (मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी) और अधिकारियों के साथ चल रही बातचीत का हवाला देते हुए उन्होंने कहा, 'उनकी यह जानने में काफी दिलचस्पी है कि स्मार्ट ग्लास वाहन के साथ कैसे काम करते हैं। आप स्कूटर चला रहे हैं तो ऐसे ग्लास बहुत ही महत्त्वपूर्ण साधन बन जाते हैं।'

pnb Housing Finance Limited Ghar Ki Baat

परिशिष्ट –4–क अचल सम्पत्ति.(यों)की ई–नीलामी बिक्री सूचना
वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री हेतु ई–नीलामी बिक्री सूचना

पंजीकृत कार्यालय : – 9 वीं मंजिल, अंतरिक्ष भवन, 22, के जी मार्ग, नई दिल्ली –110001 फोन : – 011–23357171, 23357172, 23705414, **वेबसाइट : www.pnbhousing.com**
लखनऊ शाखा:– पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, 307 और 308, तृतीय तल, कमर्शियल कॉम्प्लेक्स, साइबर हाइट्स, गोमती नगर लखनऊ –226010

एतद्द्वारा सर्व साधारण को और विशेष रूप से कालम नंबर –ए में निदर्शित कर्जदार(रों) एवं गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्यभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित कालम नंबर–डी में वर्णित अचल सम्पत्ति(यों), जिसका प्रतिक्षित/भौतिक कब्जा पीएनबी हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड (पीएनबी एचएफएल) /प्रत्यभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है (कालम नंबर–सी में वर्णितानुसार) नीचे दिए विवरण के अनुसार **"जैसी है जहां है"**, **जैसी है जो है** तथा **"जो भी है वहां है"** आधार पर बेची जाएंगी। एतद्द्वारा कालम नंबर –ए में निदर्शित कर्जदार(रों)/बंधकदाता(ओं)/संबंधित कर्जदार(रों)/बंधकदाता(ओं) (मृत्योपरान्त) के कानूनी वारिसों, कानूनी प्रतिनिधियों, (चाहे ज्ञात अथवा अज्ञात), निष्पादक(कों), प्रशासक(कों), उत्तराधिकारी(यों), समनुदेशिती(यों) को, जैसी भी स्थिति है, प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली, 2002 अद्यतन संशोधित के नियम 8(6) एवं 9 के तहत सूचना दी जाती है।
बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया मैसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट नामतः **www.pnbhousing.com** में उपलब्ध कराया गया लिंक देखें।

ऋण संख्या, कर्जदार/सह–कर्जदार का नाम गारंटर(S) (ए)	मांग सूचना/ मांग की राशि और तारीख (बी)	कब्जा का प्रकार (सी)	बंधक रखी सम्पत्तिओं का विवरण (डी)	आरक्षित मूल्य (आरपी) (ई)	ईएमडी (आरपी का 10%) (एफ)	बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि (जी)	बोली वृद्धि राशि (एच)	निरीक्षण की तिथि एवं समय (आई)	नीलामी की तिथि एवं समय (जे)	ज्ञात ऋणभार/ न्यायालय मामला यदि कोई, (के)
HOU/LUC/0218/490106,HOU/LUC/0518/536597, बी.ओ.: लखनऊ, दीप्ति सिंह/ अरिदमन सिंह	14.06.2021 तक रु. 31,22,921.96	भौतिक कब्जा	मिनजुमला खसरा संख्या 148 पर संपत्ति, क्षेत्रफल 1018 वर्ग फुट या 94.61 वर्ग मीटर, नेवाज पुरवा जुग्गौर लखनऊ में स्थित	रु. 2407000	रु. 240700	18.08.2025	रु. 10,000	11.08.2025 पूर्वा. 10.00 बजे से अप. 05:30 बजे	19.08.2025 अप. 02.00 बजे से अप. 03:00 बजे	Not Known

*उसके भुगतान तथा/अथवा वसूली की तिथि तक लागू अनुसार 18 प्रतिशत वार्षिक की दर पर भावी ब्याज, उपगत किए गए अनुषंगी खर्चों, लागत, प्रभारों इत्यादि सहित। ''पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के सर्वश्रेष्ठ ज्ञान और जानकारी के अनुसार, उपरिवर्णित अचल/प्रतिभूत आस्तियों के संबंध में कोई अन्य ऋणभार/दावे नहीं हैं, सिवाय उनके जो कालम नंबर–के में वर्णित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त इन ऋणभारों का भुगतान/अदायगी सफल क्रेता/बोलीदाता द्वारा उसकी अपनी व्यवस्था द्वारा की जाएगी। सफल क्रेता(ओं)/बोलीदाताओं से वर्णित ऋणभारों की सत्यता का अभिनिश्चयन स्वतंत्र रूप से करने का अनुरोध किया जाता है।
1. आज की तिथि तक, पीएनबीएचएफएल/पीएनबीएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी पर उपरोक्त अचल सम्पत्तियों/प्रतिभूत आस्तियों की बिक्री, हस्तांतरण तथा/अथवा निपटान के संबंध में कोई प्रतिबंध आदेश तथा/अथवा न्यायालय निषेधादेश लागू नहीं है। **2.** संभावित क्रेता/बोलीदाता तथा इच्छुक पार्टियां कालम नंबर–के में वर्णित, कार्यवाही/पारित आदेश इत्यादि, यदि कोई, में बहुत, जिसमें पीएनबीएचएफएल के पास उपलब्ध उसके स्वामित्व के साथ संबंधित दस्तावेजों का शीर्षक शामिल है परंतु उसी तक सीमित नहीं है, का निरीक्षण स्वतंत्र रूप से कर सकती हैं तथा सभी संदर्भों में अपनी संतुष्टि अपनी निविदा/बोली आवेदन प्रस्तुत करने अथवा ऑफर(से) प्रस्तुत करने से पहले कर सकती हैं। बोलीदाता(ओं) को बोली प्रपत्र के साथ इस नीलामी के नियमों और शर्तों पर हस्ताक्षर करने होंगे। **3.** कृपया ध्यान दें कि प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(3) के अनुसार, बोलीदाता/खरीदार कानूनी रूप से बिक्री मूल्य की राशि का 25% (बयाना सहित) जमा करने के लिए बाध्य है। पैसा, यदि कोई हो, जमा किया गया) उसी दिन या अगले कार्य दिवस की तुलना में बाद में नहीं। सुरक्षा ब्याज (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(2) के अनुसार सुरक्षित लेनदार द्वारा बिक्री मूल्य का 25% प्राप्त करने के बाद ही (बोली लगाने वाले) के पक्ष में बिक्री की पुष्टि की जा सकती है। शेष 75% बिक्री पुष्टि पत्र की पावती की तारीख से 15 दिनों के भीतर क्रेता द्वारा बिक्री प्रतिफल राशि जमा करनी होगी और इस तरह की जमा राशि के डिफॉल्ट होने पर, संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति को फिर से बेचा जाएगा। **4. मैसर्स सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड** ई–नीलामी के माध्यम से बिक्री संचालन में प्राधिकृत अधिकारी कार्पोरेट कार्यालय पता : प्लॉट नंबर 68, तृतीय तल, सेक्टर–44, गुरूग्राम, हरियाणा–122003 वेबसाइट–**www.bankeauctions.com** सहायता करेगी। संपत्ति के निरीक्षण या बोली दस्तावेज प्राप्त करने और किसी अन्य प्रश्न या पंजीकरण से संबंधित किसी भी सहायता के लिए, पीएनबीएचएफएल प्राधिकृत अधिकारी **योगेश पांडे, संपर्क नंबर 18001208800**, या सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड अथवा **www.pnbhousing.com** पर देखें।

स्थान : लखनऊ, दिनांक : 31.07.2025 **प्राधिकृत अधिकारी, मैसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**

आरईसी लिमिटेड | REC Limited
(भारत सरकार का महारत्न उद्यम) (A Maharatna Government of India Enterprise)
Regd. Office : Core-4, SCOPE Complex, 7 Lodhi Road, New Delhi 110003
Corporate Office : Plot No. I-4, Sector-29 Gurugram - 122001 (Haryana)
Tel: +91 124 4441300, | Website: www.recindia.nic.in
Email: complianceofficer@recindia.com | CIN: L40101DL1969GOI005095

वीसी/ओएवीएम के माध्यम से 56वीं वार्षिक आम बैठक के आयोजन की सूचना

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि एजीएम की सूचना में निर्धारित व्यवसाय को संचालित करने के लिए आरईसी लिमिटेड की 56वीं वार्षिक आम बैठक ("एजीएम") वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी)/अन्य ऑडियो विजुअल साधनों (ओएवीएम) के माध्यम से **बुधवार, 27 अगस्त, 2025 को भारतीय समयानुसार पूर्वाह्न 11 बजे** आयोजित की जाएगी। सामान्य परिपत्र दिनांक 19 सितंबर, 2024, कारपोरेट कार्य मंत्रालय ("एमसीए") द्वारा जारी अन्य लागू परिपत्रों और परिपत्र दिनांक 3 अक्टूबर, 2024 एवं सेबी द्वारा जारी अन्य संबंधित परिपत्रों के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुपालन में और उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के तहत किसी निर्धारित स्थल पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना एजीएम की सूचना में निर्धारित व्यवसाय का संचालन करने के लिए आयोजित की जाएगी।

सभी सदस्य कृपया ध्यान दें कि उपरोक्त परिपत्रों के अनुपालन में 56वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना और वित्तीय वर्ष 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट केवल उन शेयरधारकों को ई-मेल द्वारा भेजी जाएगी, जिनका ई-मेल कंपनी या संबंधित डिपॉजिटरी के साथ पंजीकृत हैं। उक्त दस्तावेज कंपनी की वेबसाइट अर्थात **www.recindia.nic.in** और स्टॉक एक्सचेंजो की वेबसाइट अर्थात **www.bseindia.com** और **www.nseindia.com** पर भी उपलब्ध होंगे।

ई-वोटिंग की अवधि **रविवार, 24 अगस्त, 2025 (9:00 पूर्वाह्न से)** को शुरू होगी एवं **मंगलवार, 26 अगस्त, 2025 (सायं 5:00 बजे तक)** को समाप्त होगी। एजीएम में भाग लेने के लिए विस्तृत निर्देश, डिमैटीरियलाइज्ड मोड, कागज के रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों के लिए रिमोट ई-वोटिंग और उन शेयरधारकों के लिए जिनके ई-मेल आईडी पंजीकृत नहीं हैं, एजीएम की सूचना में बताए जाएंगे। 56वीं एजीएम में शेयरधारकों को सिर्फ वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से शामिल और भाग लेने का अवसर मिलेगा और एजीएम से पहले रिमोट ई-वोटिंग तथा एजीएम के दौरान ई-वोटिंग सिस्टम के माध्यम से एजीएम की सूचना में निर्धारित व्यवसाय की मदों पर अपना वोट डाल सकते है।

कागज के रूप में शेयर धारण करने वाले शेयरधारक जिन्होंने अपने ई-मेल आईडी, मोबाइल नंबर या बैंक विवरण को पंजीकृत/अद्यतन नहीं किया है, एनएसीएच सुविधा और अन्य विवरणों को कंपनी/आरटीए की वेबसाइट पर उपलब्ध निर्धारित फॉर्म में कंपनी के रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट ("आरटीए") के साथ अद्यतन करने का अनुरोध किया जाता है। इसके अलावा, डिमैटीरियलाइज्ड मोड में शेयर रखने वाले शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे अपने ई-मेल पते, मोबाइल नंबर और बैंक विवरण (कंपनी द्वारा घोषित लाभांश का इलेक्ट्रॉनिक भुगतान प्राप्त करने के लिए) संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागी ("डीपी") के साथ पंजीकृत करा लें।

लाभांश प्राप्त करने के लिए बैंक विवरण सहित केवाईसी पंजीकृत करने की प्रक्रिया

कंपनी के निदेशक मंडल ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अंतिम लाभांश की अनुशंसा की थी, जो आगामी एजीएम में शेयरधारकों के अनुमोदन के अधीन है। सेबी ने आदेश दिया है कि 1 अप्रैल, 2024 से भौतिक सुरक्षा धारकों को लाभांश का भुगतान केवल इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से किया जाएगा। इसके बाद, यदि केवाईसी विवरण अर्थात पैन, नामांकन का विकल्प, मोबाइल नंबर, बैंक खाता विवरण, नमूना हस्ताक्षर आदि सहित संपर्क विवरण, सदस्य के फोलियो पर उपलब्ध नहीं हैं तो लाभांश का भुगतान रोक दिया जाएगा। सदस्यों से अनुरोध है कि वे निम्नानुसार विवरण प्रस्तुत करें:

कागज के रूप में शेयर रखने वाले सदस्य	कंपनी के आरटीए अर्थात अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड (यूनिट: आरईसी लिमिटेड) 205-208, अनारकली कॉम्प्लेक्स, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110055, ईमेल: **virenders@alankit.com,** निर्धारित फॉर्म में कंपनी की वेबसाइट **"www.recindia.nic.in/forms"** और आरटीए की वेबसाइट **"https://alankitassignments.com/investor-charter"** पर उपलब्ध हैं।
डीमैटीरियलाइज्ड रूप में शेयर रखने वाले सदस्य	डीपी के साथ, जहां डीमैट खाता डीपी द्वारा सूचित प्रक्रिया के अनुसार बनाए रखा जाता है।

सदस्यों से यह भी अनुरोध किया जाता है कि वे एजीएम की सूचना में निर्धारित सभी टिप्पणियों को और विशेषकर एजीएम में शामिल होने के निर्देश, रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से वोट डालने की प्रणाली या एजीएम में ई-वोटिंग संबंधित टिप्पणियों को ध्यान से पढ़ें।

भौतिक शेयरों के हस्तांतरण अनुरोध को पुनः दर्ज करने के लिए स्पेशल विंडो
सेबी के 2 जुलाई, 2025 के परिपत्र के अनुसार, 7 जुलाई, 2025 से 6 जनवरी, 2026 तक छह महीने की अवधि के लिए एक स्पेशल विंडो खोली गई है, जो केवल उन भौतिक शेयरों के हस्तांतरण अनुरोध को पुनः दर्ज करने के लिए है जो 1 अप्रैल, 2019 से पहले जमा किए गए थे और दस्तावेजों/प्रक्रिया में कमियों या अन्य कारणों से अस्वीकार कर दिए गए, वापस कर दिए गए या उन पर ध्यान नहीं दिया गया। हस्तांतरण के लिए पुनः जमा किए गए शेयर, निर्धारित प्रक्रिया पूरी करने के बाद केवल डीमैट मोड में जारी किए जाएँगे। पात्र शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपना अनुरोध कंपनी के रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट को प्रस्तुत करें।

कृते आरईसी लिमिटेड
ह/-
दिनांक: 30 जुलाई, 2025 **(जे.एस. अमिताभ)**
स्थान: गुरुग्राम **कार्यपालक निदेशक एवं कंपनी सचिव**

PGIM India Mutual Fund

PGIM India Asset Management Private Limited
4th Floor, C wing, Laxmi Towers, Bandra Kurla Complex, Bandra (East), Mumbai - 400 051.
Tel.: +91 22 6159 3000. **Fax:** +91 22 6159 3100
CIN: U74900MH2008FTC187029 **Toll Free No.:** 1800 266 7446
Website: www.pgimindia.com/mutual-funds/

NOTICE

Notice is hereby given that in accordance with Regulation 56 of SEBI (Mutual Funds) Regulations, 1996 read with Clause 5.4 of SEBI Master Circular dated June 27, 2024, the unit holders of all the Scheme(s) of PGIM India Mutual Fund ('Fund') are requested to note that the Annual Report of all the Scheme(s) of the Fund for the financial year ended March 31, 2025, are hosted on the website www.pgimindia.com/mutual-funds/ and www.amfiindia.com.

The unit holders can submit a request for a physical or electronic copy of the Annual Report of the Scheme(s) of the Fund for the financial year ended March 31, 2025 by calling on 1800 266 7446/ 1800 209 7446 or by sending an email to care@pgimindia.co.in or by writing to PGIM India Asset Management Private Limited at 4th Floor, C Wing, Laxmi Towers, Bandra Kurla Complex, Bandra (East), Mumbai - 400 051.

For PGIM India Asset Management Private Limited
(Investment Manager for PGIM India Mutual Fund)

Place: Mumbai **Sd/-**
Date : July 30, 2025 **Authorized Signatory**

Unit holders are requested to update their PAN, KYC, email address, mobile number, nominee details with AMC and are also advised to link their PAN with Aadhaar Number. Further, Unit holders can view the Investor Charter available on website of the Mutual Fund as well as check for any unclaimed redemptions or Income Distribution cum Capital Withdrawal ('IDCW') payments.

MUTUAL FUND INVESTMENTS ARE SUBJECT TO MARKET RISKS, READ ALL SCHEME RELATED DOCUMENTS CAREFULLY.

पंजाब एण्ड सिंध बैंक (भारत सरकार का उपक्रम) **PUNJAB & SIND BANK** (A Government of India Undertaking) **मांग सूचना**
आंचलिक कार्यालय: प्रथम तल, सतगुरु टावर सी पी 47 ए, इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहा सेक्टर ई जानकीपुरम, लखनऊ 226001

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के तहत नोटिस

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि किश्त/ब्याज/मूल ऋण का भुगतान न करने के कारण, नीचे उल्लिखित खातों को भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार गैर–निष्पादित परिसंपत्ति के रूप में वर्गीकृत किया गया है। हमने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत देय ब्याज एवं अन्य शुल्क सहित संपूर्ण बकाया राशि उनके अंतिम उपलब्ध पते पर पंजीकृत डाक से मांगी थी लेकिन नोटिस या तो बिना सुपुर्दगी लौटा दी गई थी या उनकी पावती प्राप्त नहीं हुई थी और इस तरह उन्हें इसके बारे में सार्वजनिक सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है। हम एतद्द्वारा निम्नलिखित उधारकर्ताओं/गारंटरों/बंधकदारों से इस प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों (साठ दिनों) के भीतर, पूर्ण भुगतान होने तक अनुबंधित दर पर और ब्याज के साथ नीचे उल्लिखित राशि का भुगतान करने के लिए कहते है। डिफॉल्ट रूप से, कानून के तहत उपलब्ध बैंक के अन्य अधिकारों का प्रयोग करने के अलावा, बैंक वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा ब्याज अधिनियम 2002 की धारा 13 (4) के तहत प्रदान की गई किसी भी या सभी शक्तियों का प्रयोग करने का इरादा रखता है। सुरक्षित ऋण का भुगतान न करने की स्थिति में बैंक द्वारा लागू की जाने वाली सुरक्षित आस्तियों का विवरण भी–नीचे दिया गया है।

ऋणी एवं जमानतकर्ता का नाम व पता	सम्पत्ति का विवरण	मांग सूचना तिथि / एनपीए तिथि	बकाया राशि
शाखा: इंदिरा नगर, लखनऊ शाखा			
ऋणी: मेसर्स चहक फार्मास्यूटिकल्स, प्रोप. श्री कुमुद गोविल पुत्र स्व0 रघुवर दयाल गोविल, दुकान सं. एफएफ–13, पहली मंजिल, कैलाश टावर–22, अमीनाबाद, लखनऊ–226018 **सह–ऋणी/बंधककर्ता: श्री कुमुद गोविल पुत्र स्व0 रघुवर दयाल गोविल,** मकान सं. सी–170, राजाजीपुरम, लखनऊ–226017 **जमानतकर्ता: श्री संदीप कुमार पुत्र स्व0 जगदीश प्रसाद,** जसमण्डा, नवाबगंज, बाराबंकी– 225003	व्यावसायिक संपत्ति का साम्यिक बंधक, दुकान संख्या 13, प्रथम तल, अमीनाबाद साइड, कैलाश टॉवर–22, क्षेत्रफल 125 वर्ग फीट या 11.62 वर्ग मीटर स्थित अमीनाबाद, लखनऊ, विक्रय विलेख संख्या–1377 दिनांक 30.01.2012, बुक संख्या–1, ज़िल्द संख्या– 12003, पृष्ठ 107 से 132, उप–रजिस्ट्रार–II लखनऊ के कार्यालय में पंजीकृत, पता संख्या 2 कुमुद गोविल से संबंधित, **संपत्ति की चौहद्दी: पूर्व**– दुकान संख्या–15, **पश्चिम**– दुकान संख्या– 11, **उत्तर:** 7 फीट चौड़ा गलियारा, **दक्षिण**– लेन	**11.07.2025 / 21.09.2023**	**रू. 10,97,733.25** दिनांक 30.06.2025 तक के ब्याज सहित + दिनांक 01.07.2025 से प्रभावी ब्याज एवं अन्य शुल्क

दिनांक : 31.07.2025 **स्थान: लखनऊ** **प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब एण्ड सिंध बैंक**



इण्डियन ओवरसीज़ बैंक
सूचना प्रौद्योगिकी विभाग
www.iob.in
केंद्रीय कार्यालय, 763, अण्णा सालै, चेन्नै–600002